सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 127 | इंदौर, बुधवार 15 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Punjab: छठ पूजा के लिए चलने वाली ट्रेन रद्द, भड़के यात्रियों का सरहिंद स्टेशन पर हंगामा, गाड़ी पर पथराव
2. IPEF: आईपीईएफ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल हुआ भारत, चीन का दबदबा तोड़ने की कोशिश

चुनावी चर्चा

DGR@ एल.एन. उग्र

इंदौर दो...

# क्या कायम रहेगा रमेश जी का जलवा...?



चुनावी सर गर्मी में...सारे मध्य प्रदेश के साथ-साथ... इंदौर पर भी गहरा रंग छाया हुआ है... चुनाव का रंग अपने शराब पर है... यूं लग रहा है... लोकतंत्र का त्यौहार है... आने वाली 17 तारीख को...मध्य प्रदेशमें आने वाली सरकार...आकार लेने के लिए तैयार होगी... मतदान होगा... भाग्य होगा पेटी में बंद...और पिटारा खुलेगा 3 दिसंबर को...।

हमारी श्रृंखला में...जो देख रहे हैं... महसूस कर रहे हैं...वह लिखने का प्रयास हम कर रहे हैं... इसी श्रृंखला में इंदौर दो से... भाजपा के उम्मीदवार... श्री रमेश मेंदोला जी ने... परंपरागत उम्मीदवारी की है... मतलब ताल ठोकी है...यह वह क्षेत्र है... जहां एक दौर था... जब कांग्रेस के अलावा किसी ने... फतह के बारे में सोचा नहीं था... सोचना ही बंद कर दिया था... आज इसके उल्टा है...कैलाश जी ने जो रंग जमाया... तो वह अभी तक गहरा ही होता गया...शहर की राजनीति की... दिशा और दशा दोनों पर...दो नंबर ने राजनीति का प्रभाव छोड़ा है... और होता है... रमेश जी ने यहां से... जीतने का रिकॉर्ड बनाया... अब बात यह हो रही है कि... क्या रमेश जी खुद के रिकॉर्ड को तोड़ेंगे... मेंदोला जी के बारे में यह कहा जाता है कि... वह भोजन भंडारे के लिए जाने जाते हैं... परंतु व्यवस्थाएं कहां से होती हैं... उस पर आम धारणा यह है कि... देने वाले सहयोग करते हैं... हम तो माध्यम मात्र हैं... ऐसा उनके भाव प्रकट होते हैं...। संपर्क के दौरान हमने महसूस किया कि... उनसे मिलने वाले लोग... महिला हो या पुरुष...बच्चे हो या बड़े... ऐसा लगता है जैसे... वह सभी को जानते हैं... और सभी लोग भी उन्हें...परिवार के सदस्य की तरह ही देख सुन रहे थे...। जीवंत संपर्क का भी अनुभव हमें हुआ... जनसंपर्क तो यूं लग रहा था जैसे... औपचारिकता मात्र है... क्योंकि रमेश जी का दरबार... सदाबहार प्रतिदिन... सुबह ही लग जाता है...जो लोग समस्या लेकर आते हैं... वह निजात पाकर ही जाते हैं...। संपर्क के साथ ही यह भी चर्चा में आया कि... आपके विधानसभा क्षेत्र के विपक्षी... यह कहते हैं कि...विकास कहां हुआ है...? दिखाई तो देता ही नहीं है...? तो रमेश जी कहते हैं कि... जब किसी ने आंखों पर पट्टी बांध रखी हो... कोई विकास देखना नहीं चाहता हो... तो क्या कर सकते हैं... युवाओं के आइकॉन भी वह नजर आए... रमेश जी ने दो नंबर को... धर्म क्षेत्र भी बनाया है... मित्रता निभाने की बात पर उनके कई समर्थक... कहते हैं कि... वह दोस्तों के दोस्त हैं... जनसंपर्क के बीच... ज्यादा चर्चा के बजाय... हमने यह महसूस करने का काम किया कि... उनके साथ घूमने पर... काफी कुछ महसूस किया है... किसी जानकारी में उनसे सुनने को यह भी मिला है कि... वह जीत के लिए कोई योजना नहीं बनाते हैं... वे तो काम करते हैं...यही योजना है... विकास की बात पर उनका कहना था कि...खूब विकास किया है...।



स्कूल, कॉलेज, बेरोजगारों के लिए कार्य किया है...मेट्रो आ रही है, पांच तारा होटल हमारे क्षेत्र में है, अस्पताल यहां हैं, सुरक्षित वातावरण है, सनातन धर्म कभी खत्म नहीं होगा... और कोई कभी नहीं सकता है... सनातन को कोई खत्म कर भी नहीं सकता है... यह भी उनका कहना है कि... दो नंबर से मैं चुनाव नहीं लड़ता हूं... हमारे कार्यकर्ता और जनता यहां का चुनाव लड़ती है... वही जीत का रिकॉर्ड तय करती है...।

चुनाव परिणाम से पता चलेगा... इस बार पिछला रिकॉर्ड टूटेगा... या नहीं ...।

खैर चुनाव चर्चा में रमेश जी... जीत के प्रति ही नहीं...खुद का रिकॉर्ड टूटने के प्रति भी...आशा से भरे नजर आए...हमने जो देखा... जो महसूस किया... अनुभवों के आधार पर... वही कथन हमने किया...।

◆ मतदान की अब उलटी गिनती शुरू ...

# सियासी सूरमाओं की धड़कनें हुई तेज

## आज शाम के बाद प्रत्याशी अब डोर टू डोर देंगे दस्तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा चुनाव के मतदान की अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 17 नवंबर को मतदान होना है। आज शाम छह बजे से चुनाव प्रचार पूरी तरह से थम जाएगा। मतदान की तारीख काफी करीब होने से जिले की सभी विधानसभा सीटों के चुनावी महासमर में कूदे सियासी सूरमाओं की धड़कने भी तेज हो गई हैं।

चुनाव प्रचार प्रसार थमने के बाद प्रत्याशियों द्वारा डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू करेंगे। क्योंकि चुनाव आयोग के निर्देश के बाद बुधवार की शाम छह बजे के बाद कोई भी प्रत्याशी रोड शो बड़े नेताओं की सभा नहीं हो सकेगी। ऐसे में प्रत्याशी समर्थकों और अपने खासमखास लोगों के साथ मतदाताओं तक पहुंचने में जुट जाएंगे। दूसरी ओर चुनाव को लेकर चंद समय बचा होने से अब उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों ने भी प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

### ◆ दल होंगे रवाना

विधानसभा चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार बंद होने की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। प्रत्याशियों के पास अब प्रचार-प्रसार के लिए आज शाम 6 बजे तक समय है। आज शाम 6 बजते ही प्रचार-प्रसार का बिगुल थम जाएगा। जिसके बाद 16 नवंबर की सुबह मतदान दल ईवीएम मशीनें लेकर पोलिंग बूथ के लिए रवाना होंगे।

### ◆ त्यौहारों के बीच राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

गुलाबी ठंड की दस्तक के बीच राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ने लगी है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है। वैसे-वैसे प्रचार भी जोर पकड़ता जा रहा है। इसी बीच दीपोत्सव के त्यौहार मतदान की तारीख से पहले होने से भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी भी त्यौहारों के बीच पहुंचकर मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं।

### ◆ बाहरी मतदाताओं को निर्वाचन क्षेत्र छोड़ने के निर्देश

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में आने वाली सभी विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, चुनाव प्रचार में संलग्न कार्यकर्ता जो उस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 नवंबर को सायंकाल 6 बजे से पूर्व मतदान समाप्ति तक संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र को छोड़ना होगा। उपरोक्त प्रतिबंध भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत चुनाव कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों एवं विधि तथा व्यवस्था संबंधी ड्यूटी में संलग्न पुलिसकर्मियों, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी और निर्वाचन अभिकर्ता पर लागू नहीं होगा।

# नहीं रहे सहारा समूह के संस्थापक, मुंबई में 75 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस



मशहूर बिजनेसमैन सुब्रत रॉय सहारा का मुंबई में मंगलवार देर रात 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। सहारा परिवार के मुखिया सुब्रत रॉय काफी दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और उनका इलाज मुंबई के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर लखनऊ के सहारा शहर लाया जाएगा, जहां उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी। सहारा इंडिया की तरफ से बताया गया कि सुब्रत रॉय सहारा को मेटास्टैटिक स्ट्रोक, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्याओं थी । कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट के कारण 14 नवंबर 2023 को रात 10.30 बजे उनका निधन हो गया। वे 12 नवंबर से कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल और मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (केडीएएच) में भर्ती थे।

# मतदान दलों को सामग्री वितरित करने के लिये विशेष व्यवस्था

## सभी मतदान दलों को टेबल-कुर्सियों पर बैठाकर की जाएगी सामग्री वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिले में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिये व्यापक तैयारियां चल रही हैं। तैयारियां लगभग अंतिम दौर में है। जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के लिये मतदान दलों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और मतदान सामग्रियां 16 नवम्बर को सुबह से नेहरू स्टेडियम से वितरित की जायेगी। इस बार मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये नेहरू स्टेडियम में विशाल डोम तैयार किया गया है। इस डोम के नीचे मतदान केन्द्रवार टेबले लगाई गई है। इन टेबलों पर चार-चार कुर्सिया लगाकर मतदान दलों को बैठाकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और मतदान सामग्री वितरित की जायेगी। यह व्यवस्था कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में की जा रही है।





सामग्री वितरण के नोडल अधिकारी और नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने बताया कि नेहरू स्टेडियम में टेबल-कुर्सियों की व्यवस्था विधानसभा क्षेत्रवार रखी गई है। जिले में सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के कुल 2561 मतदान केन्द्रों के लिये टेबल कुर्सिया रहेंगी। हर विधानसभा क्षेत्र को पहचान के लिये अलग-अलग कलर दिये गये है। उन्होंने बताया कि नौ विधानसभा क्षेत्रों के लिये टेबल-कुर्सियों की 170 खिड़की (कतारे) बनाई गई है। यह खिड़की (कतारे) सेक्टर और मतदान केन्द्रवार रहेंगी। एक खिड़की में अधिकतम 20 मतदान केन्द्र रखे गये है। विधानसभा क्षेत्र देपालपुर में 18, इंदौर-1 में 22, इंदौर-2 में 18, इंदौर-3 में 13, इंदौर-4 में 14, इंदौर-5 में 26, महू में 17, राऊ में 21 और सांवेर विधानसभा क्षेत्र में भी 21 खिड़की (कतारे) रहेंगी। सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों के प्रवेश और निकासी के लिये विधानसभा क्षेत्रवार अलग-अलग द्वार बनाए गये है। गेट नम्बर-1 राऊ और महू विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के लिये रहेगा। इसी तरह गेट नम्बर-2 इंदौर-1 और इंदौर-5, गेट नम्बर-6 इंदौर-3 और इंदौर-4, गेट नम्बर-7 इंदौर-2, सांवेर और देपालपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के लिये बनाया गया है।

## अहिल्या माता गौशाला पर गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में पहुंचे सैकड़ों गौभक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। केशरबाग रेलवे क्रासिंग के पास स्थित अहिल्या माता गौशाला पर आज हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सैकड़ों भक्तों ने गोवर्धन पूजा कर धन-धान्य, संतान और सौभाग्य की प्राप्ति की मंगलग कामनाएं की। गौशाला की प्रबंध समिति द्वारा गोवर्धन पूजा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। अध्यक्ष रवि सेठी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में सैकड़ों भक्तों ने सप्त गौमाता मंदिर में आकर सुसज्जित गौवंश की पूजा-अर्चना की। अनेक महिलाएं गाय-बछड़े के नीचे से निकली। गौमाता को लक्ष्मी के स्वरूप में भी पूजा गया। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर आज सुबह से दोपहर तक गौशाला में गौभक्तों का मेला जुटा रहा।

## मालवा-निमाड़ के 18400 बूथों पर बिजली की माकूल व्यवस्था

### निर्वाचन आयोग के आदेश पालन में बिजली कंपनी की प्रभावी तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मालवा और निमाड़ क्षेत्र के विधानसभा चुनाव के सभी 18400 बूथों पर बिजली की माकूल व्यवस्था की है। सभी जगह सर्वे कराया गया एवं बूथों पर बिजली वितरण की समीक्षा कर व्यवस्था सुनिश्चित की गई। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 1300 बूथों के लिए अस्थाई कनेक्शन दिए गए हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि आयोग के आदेशानुसार सभी 15 जिलों के इंजीनियरों एवं बिजली कर्मचारियों ने प्रत्येक बूथ पर बिजली वितरण की समीक्षा की। जिन दूरस्थ क्षेत्रों के बूथों पर बिजली के स्थाई कनेक्शन नहीं थे, वहां अस्थाई कनेक्शन के माध्यम से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इंदौर ग्रामीण में 21, बड़वानी में 400, खरगोन में 221, धार में 200, उज्जैन में 130, आगर में 96, देवास और खंडवा में 64-64 , शाजापुर में 60 , मंदसौर में 46 बूथों के लिए अस्थाई कनेक्शन दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य जिलों में भी जिन बूथों पर स्थाई कनेक्शन नहीं थे, वहां अस्थाई बिजली कनेक्शन प्रदान कर दिए गए। श्री तोमर ने बताया कि बूथों पर निर्वाचन दिवस पर बिजली व्यवस्था के लिए कंपनी स्तर पर 520 इंजीनियर समेत करीब 2100 कर्मचारी दायित्व निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि बूथों पर संबंधित क्षेत्र के लाइनमैन के नंबर भी चस्पा रहेंगे, ताकि बूथों पर कोई तकनीकी कठिनाई आने पर तुरंत संपर्क स्थापित किया जा सके। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि निर्वाचन सामग्री वितरण स्थल पर भी बिजली व्यवस्था की समीक्षा कर भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पालन में इंजीनियरों एवं कर्मचारी तैनात रहेंगे।

## अन्नकूट में भक्तों ने जूठन नहीं छोड़ने और मताधिकार का प्रयोग करने के संकल्प लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर आज शाम अन्नकूट महोत्सव का दिव्य आयोजन सौल्लास संपन्न हुआ। इस अवसर पर राम दरबार मंदिर में 56 भोग समर्पित कर भगवान श्रीनाथजी एवं अन्य सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने सभी भक्तों को किसी भी कार्यक्रम में भोजन के दौरान जूठन नहीं छोड़ने और 17 नवम्बर को होने वाले चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प दिलाया। न्यासी मंडल की ओर से प्रेमचंद गोयल, महेशचंद्र शास्त्री, मनोहर बाहेती, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया, हरीश माहेश्वरी, राजेश गर्ग केटी एवं सत्संग समिति के जे.पी. फड़िया, अरविंद नागपाल आदि ने सभी भक्तों की अगवानी की। राम दरबार मंदिर में संपन्न हुई आरती में ट्रस्ट मंडल के सदस्यों के साथ सैकड़ों भक्तों ने भी भाग लेकर समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## कटाक्ष




## 21नए साधकों ने ली हरे राम-हरे कृष्ण महामंत्र से गुरु दीक्षा

### ◆ गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में ढाई क्विंटल पके हुए चावल एवं हलवे से निर्मित गिरिराज पर्वत की हुई पूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **निपानिया स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर में निमार्णाधीन राधा गोविंद मंदिर में गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में आज 21 साधकों ने स्वामी महामनदास से विधि-विधानपूर्वक यज्ञ-हवन की साक्षी में हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र से गुरू दीक्षा प्राप्त की।**

इस्कॉन से जुड़ उत्सव संयोजक हरि अग्रवाल एवं गिरधर गोपाल प्रभु ने बताया कि दीक्षा प्राप्त करने वालों में 10 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं। इन्हें अब इस्कॉन की दीक्षा के बाद नए नाम से जाना जाएगा। स्वामी महामनदास ने इन सभी दीक्षार्थियों के मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएं करते हुए इन्हें इस्कॉन परिवार में शामिल किया। इसके पूर्व सभी दीक्षार्थियों ने मुंडन भी कराया। यज्ञाचार्य कृष्णार्चन प्रभु के निर्देशन में हवन की अग्नि की साक्षी में सभी दीक्षार्थियों ने राम और कृष्ण नाम की धोती एवं दुशाला पहनकर यज्ञ कुंड में आहुतियां भी समर्पित की। इस्कान की मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख पी.डी. अग्रवाल कांट्रेक्टर सहित बड़ी संख्या में मंदिर से जुड़े श्रद्धालु मौजूद थे। इसे पूर्व सुबह गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में ढाई क्विंटल पके हुए चावल एवं हलवे से गोवर्धन पर्वत का निर्माण कर पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने गिरिराज पर्वत की प्रतिकृति की परिक्रमा कर समाज में शांति एवं सदभाव के लिए प्रार्थना की। इस्कॉन मंदिर परिसर में बन रहे नए राधा गोविंद मंदिर में यह पहला आयोजन था, जो स्वामी महामनदास के सानिध्य में पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर रणवीरप्रभु, विशाल प्रभु, अच्युतगोपाल प्रभु, मृदुल कृष्ण प्रभु सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ।

## श्री शीतला-माता मंदिर अन्नकूट-महोत्सव

इंदौर। कार्तिक कृष्ण मास के पावन अवसर पर रावल परिवार द्वारा कड़ाबीन स्थित (बड़े गणपति मंदिर के पास) श्री शीतला-माता मंदिर षष्टम प्राण-प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सौरभ (सेकंड इन कमांड) ने महाआरती मे हिस्सा लिया। श्रीमति आशा कैलाश विजयवर्गीय (ताईजी), चरणजीत सिंह खनुजा (प्रवक्ता म.प्र. कांग्रेस कमिटी), आकाश संजय शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमति राखी राकेश वर्मा (पूर्व पार्षद प्रत्याशी), पवनदासजी महाराज (संचालक, हंसदास मठ, इंदौर) व राजपाल जोशी(हिन्दू जागरण मंच), मंतोष तिवारी (पंडितजी) ने विशेष रूप से अपनी उपस्थतिथि दर्ज कराई। इस आयोजन मे क्षेत्र की माता-बहनों ने अपने परिवार सहित शुद्ध भारतीय परंपरा अनुसार जमीन पर बैठकर केले के पत्ते पर भोजन-प्रसादी ग्रहण किया। अन्नकूट-महोत्सव की संयोजिका श्रीमति सोनिया गौरव ने बताया कि 300 से अधिक पुरुषो, माताओं-बहनों और बच्चो ने परिवार सहित श्री शीतला माता मदिर परिसर मे बैठकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य-लाभ प्राप्त किया।

# विजयवर्गीय बोले- मेरी सीट नहीं फंसी सभी बड़े नेता आराम से जीत रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भाजपा महासचिव व एक नंबर विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उनकी सीट नहीं फंसी हुई है। प्रदेश में भाजपा के सभी बड़े नेता आराम से जीत रहे है और प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है, बल्कि कांग्रेस के कई बड़े नेता चुनाव हार रहे है। प्रदेश में कांग्रेस द्वारा ज्यादा सीटें जीतने के दावे पर विजयवगीय बोले कि उन लोगों को जमीनी हकीकत का अंदाज नहीं है। पिछली बार 1 करोड़ 15 लाख वोट मिले थे।



इस बार तो एक करोड़ 37 लाख लाड़ली बहनें प्रदेश में है। भाजपा को एक करोड़ महिलाएं वोट देती है तो 50 लाख पुरुष भी तो वोट देंगे। यदि डेढ़ करोड़ लोग भाजपा को वोट देंगे तो 170 सीट बनती है। यदि हम मान ले कि 75 लाख महिलाएं वोट देगी और 50 लाख पुरुष वोट देंगे तो भी हमारी सरकार बन रही है। भाजपा ने गरीब कल्याण की योजनाएं संचालित की है। गरीब कल्याण के कारण एक बड़ा वोटबैंक बना है। गरीबों को मकान मिले है। उज्वला योजना में सिलेंडर मिले है। ये सब योजनाएं भी जनता को पसंद आई है। पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर है। भाजपा की सरकार बन रही है।

## कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला ने की गोर्वधन पूजा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा क्षेत्र 1 के कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला ने मंगलवार को वार्ड 9 की दुर्गा कॉलोनी में जनसंपर्क किया। वे क्षेत्र की गलियों में घूमे और रहवासियों से उन्हें वोट देने की अपील कर आशीर्वाद लिया। बड़ी संख्या में समर्थक उनके साथ मौजूद रहे। रहवासियों ने भी उनका तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला का जनसंपर्क लगातार जारी है। वे रोजाना अलग-अलग वार्डों में जाकर रहवासियों से रुबरू हो रहे है। मंगलवार को शुक्ला ने क्षेत्र की गलियों में निकले और घर-घर में लोगों का अभिवादन किया और उन्हें दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संजय शुक्ला ने साथ ही अपने पक्ष में मतदान करने के अपील भी की। रहवासियों ने भी कांग्रेस प्रत्याशी को दीपावली की शुभकामना देते हुए मुंह मीठा कराया। जनसंपर्क के दौरान संजय शुक्ला दुर्गा कॉलोनी में गोवर्धन पूजा में भी शामिल हुए। उन्होंने माता बहनों के साथ गोवर्धन पूजा कर सभी के कल्याण की कामना की। इसके पूर्व सुबह कालानी नगर स्थित महावीर स्वामी जिनालय में गौतम रासा पढ़ा गया, जिसमें संजय शुक्ला शामिल हुए और शीलरेखा श्रीजी मा.सा.आदि ठाणा 7 का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने समाजजन से भी भेंट की।



चैतन्य लोक। इंदौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद निगमकर्मियों के साथ हौसला बढ़ाने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव खुद सफाई में जुटे।

## आज शाम 6 बजे से मतदान समाप्ति तक मदिरा दुकाने रहेंगी बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में मतदान तथा मतगणना के लिये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन मदिरा की सभी दुकाने बंद रहेंगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने आदेश जारी किये हैं। उन्होंने इस आदेश के प्रभावी पालन कराने के निर्देश दिये है।**

जारी आदेश के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान के 48 घंटे पूर्व से अर्थात् 15 नवम्बर 2023 की शाम 6 बजे से 17 नवम्बर 2023 को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना के दिन 03 दिसम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस की अवधि के लिये सम्पूर्ण जिले में शुष्क अवधि/दिवस रहेगा। इस दौरान इन्दौर जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, आहारगृह यथा एफएल 2, 3, 4 एवं एफएल 6, 7, 8, 9, 10 ए एवं 10 बी, बी.-3, बी.-3 में एफएल-9 क, वाईन के फुटकर बिक्री (रिटेल आउटलेट), एफएलएपीसी तथा देशी/विदेशी मद्य भाण्डागार को बन्द करने के आदेश दिये गये हैं। इस अवधि में मदिरा की दुकानें, होटल, रेस्टरेन्ट, क्लब एण्ड अन्य सेलिंग पाईंट/सर्विग पाईंट आदि में किसी को भी शराब की बिक्री/सेवा करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## नंदा नगर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मोतिया मंदिर जनता क्वार्टर, नंदा नगर में दीपावली मिलन समारोह के तहत सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का, दीपावली मिलन समारोह व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में महामंडलेश्वर दादू महाराज सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। महामंडलेश्वर दादू महाराज ने सनातन धर्म पर उद्बोधन देते हुए कहा कि सनातन का नाम ही सनातन है, जिसका कोई अंत नहीं है। सनातन धर्म का विरोध करने वाले कहां चले गए पता नहीं। सनातन तब




भी था अब भी है और हम नहीं रहेंगे तब भी रहेगा। श्रमिक आंदोलन के राजेश बिडकर, जीतू कुशवाहा, सचिन ठाकुर,ने बताया है कि इस मौके पर ऑटो रिक्शा चालक, बैटरी ऑटो रिक्शा चालक, कामकाजी महिलाएं, स्कूल ड्राइवर-कंडक्टर महासंघ के कई पदाधिकारी एवं धर्मप्रेमी जनता मौजूद थी। हनुमान जी की वेशभूषा में आकर्षित नृत्य की प्रस्तुति के साथ भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। आयोजन में संतोष चोखंडे, प्रवीण होलकर, विजय सोनेने, सिद्धार्थ चौहान, अर्चना शर्मा, आदित्य पंवार को भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और सनातन धर्म के लिए एकजुट रहने की अपील की गई।

## श्री माहेश्वरी समाज इन्दौर का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। छत्रीबाग स्थित बनवारीलाल जाजू सभागृह में माहेश्वरी समाज इन्दौर का दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति उमेशचंद्र माहेश्वरी ने सभी समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मा-विष्णु-महेश के वृहद स्वरूप के दर्शन माहेश्वरी समाज में होते हैं। उन्होंने ब्रह्मा-विष्णु-महेश की व्याख्या करते हुए कहा कि ब्राह्मा यानी कि ब्रह्माण में अपने सतत कार्यों के जरिए समाज की एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्य करने वाले प्रत्येक माहेश्वरीजन हैं। विष्णु का मतलब समझाते हुए कहा कि विष्णु यानि अंतिम पंक्ति में नेतृत्व कर रहे हैं वे लोग जो समाज के उत्थान के लिए दिन-रात अपनी नई-नई सोच एवं विचारों के जरिए समाज को उन्नति तक पहुंचा रहे हैं। वहीं महेश का मतलब बताते हुए कहा कि महेश यानी वे अनुभवी एवं रिटायर व्यक्ति जो समाज में हो रही कोई भी गलती की तरफ अपना तत्काल इशारा करें एवं हो रही भूलों को सुधार करें ऐसी नसीहत देने वाले व्यक्ति महेश के समान होते हैं। उन्होंने कहा कि तीनों ही व्यक्तित्व के रूप में ब्रह्मा, विष्णु महेश के रूप में माहेश्वरी समाज देश एवं राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।**

श्री माहेश्वरी समाज इन्दौर जिला प्रचार मंत्री अजय सारड़ा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों ने भगवान महेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की। वहीं श्रीमती माधुरी सोमानी एवं पायल मालपानी ने भगवान महेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात समाज अध्यक्ष रामस्वरूप धूत ने माहेश्वरी समाज द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को बताया। वहीं मंत्री मुकेश असावा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेलों सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। मिलन समारोह के दौरान सभी समाज बंधुओं को लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए सभी से देश हित में मतदान करने की शपथ भी इस अवसर पर दिलाई गई।

**स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित** - मंगलवार को आयोजित हुए दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत महिला मंडल अध्यक्ष डिंपल माहेश्वरी, पुष्पा मोलासरिया, युवा संगठन अध्यक्ष राम सोमानी, प्रतीक माहेश्वरी, संयोजक राधेश्याम काबरा, ओमप्रकाश गगरानी, जयकिशन डागा, श्यामसुंदर बाबू सोड़ानी ने किया। वहीं अतिथियों को शाल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह सत्यनारायण मंत्री, केदार हेड़ा, राजेश सोमानी एवं पवन भलिका ने भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद सेठ ने किया एवं आभार पवन भलिका ने माना। दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर गिरधारी लाल सारड़ा, कल्याणमल मंत्री, बसंत खटोड़, राधाकिशन सोनी, लक्ष्मण माहेश्वरी, रामेश्वर लाल असावा, गीता मुंदड़ा, सुशीला काबरा, गोपाल लाहोटी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## आज शाम 6 बजे से मतदान समाप्ति तक मदिरा दुकाने रहेंगी बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में मतदान तथा मतगणना के लिये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन मदिरा की सभी दुकाने बंद रहेंगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने आदेश जारी किये हैं। उन्होंने इस आदेश के प्रभावी पालन कराने के निर्देश दिये है।**

जारी आदेश के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतदान के 48 घंटे पूर्व से अर्थात् 15 नवम्बर 2023 की शाम 6 बजे से 17 नवम्बर 2023 को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना के दिन 03 दिसम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस की अवधि के लिये सम्पूर्ण जिले में शुष्क अवधि/दिवस रहेगा। इस दौरान इन्दौर जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, आहारगृह यथा एफएल 2, 3, 4 एवं एफएल 6, 7, 8, 9, 10 ए एवं 10 बी, बी.-3, बी.-3 में एफएल-9 क, वाईन के फुटकर बिक्री (रिटेल आउटलेट), एफएलएपीसी तथा देशी/विदेशी मद्य भाण्डागार को बन्द करने के आदेश दिये गये हैं। इस अवधि में मदिरा की दुकानें, होटल, रेस्टरेन्ट, क्लब एण्ड अन्य सेलिंग पाईंट/सर्विंग पाईंट आदि में किसी को भी शराब की बिक्री/सेवा करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# खड़गे बोले- मेहनत करे मुर्गी अंडा खाए फकीर साहब

◆ दतिया में बोले-कांग्रेस कुछ नहीं करती तो मोदीजी पीएम की कुर्सी पर नहीं बैठते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दतिया के सेवढ़ा में कहा, बीजेपी वाले कांग्रेस को गालियां देते हैं। तुमने कुछ नहीं किया। मेहनत करे मुर्गी साहब, अंडा खाए फकीर साहब। कहते हैं 70 साल में क्या किया। हमने कुछ नहीं किया होता तो आप प्रधानमंत्री और शाह केंद्रीय गृहमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठते। खड़गे ने कहा, मोदी साहब खूब कोशिश करो हमें मिट्टी में दबाने की। हम बीज है, हमें बार-बार मिट्टी से निकलने की आदत है।**

### खड़गे के भाषण की 6 खास बातें

पुरानी भूल भला बार-बार कौन करेः सुबह से शाम तक इंतजार कौन करे। तुम्हारे वायदे पर अब ऐतबार कौन करे। सजा किए कि अभी तक भुगत रहे हम। पुरानी भूल भला बार-बार कौन करे। अब कांग्रेस का बटन दबाओ और वोट दो।

### महंगाई का असली मुद्दा दब गया

आज खजाने के मंत्री को अपना हुनर दिखाना है। चारा जो चुग रहे परिंदे उस पर टैक्स लगाना है। महंगाई का असली मुद्दा दब गया कहीं। नए पैंतरे के बल पर आसान ताज अपनाना है।

### कांग्रेस समान अधिकार दिलाए

अंग्रेजों ने चुनिंदा लोगों को वोटिंग पावर दी थी। ये पावर सिर्फ अमीरों के पास थी। गरीब, महिलाओं और दलितों को ये राइट नहीं था। लेकिन नेहरु जी सभी को समान अधिकार दिया। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी को बराबर अधिकार दिया। ये कांग्रेस की खूबी है।

### सवाल करूं तो गाली देते हो

मोदीजी ने 2014 में कहा था, कालाधन वापस लाकर आपको 15-15 लाख रुपए दूंगा। 2-2 करोड़ नौकरी दूंगा। किसानों की आमदनी डबल करूंगा। प्रधानमंत्री इतना झूठ बोलते हैं। पार्लियामेंट में मैं सवाल करता हूं तो मुझे गालियां देते हैं।

### मोदीजी ने कहां गरीबी देखी

मोदीजी हमेशा अपने मन की बात करते हैं, लेकिन जनता के दिल की बात कभी नहीं करते। जब वोट चाहिए कहते हैं मैं गरीब का बेटा। अरे तुम तो दुकानदार बनकर बैठे थे। तुमने कहां गरीबी देखी।

### इनकी सरकार चोरी की है

2018 में कांग्रेस की सरकार आई, इन्होंने हमारे विधायकों को उठाकर ले गए। उन्हें रिश्वत देकर हमारी सरकार चोरी की। फिर तो इनकी चोरी की सरकार है। फिर ऐसा मैं कहूं तो गुस्सा क्यों आता है? बीजेपी के लोग बड़ा डाका डालते हैं।

# शाह बोले-कमलनाथ ने एमपी को लूटा,कांग्रेस का एटीएम बनाया

**कहा- 17 तारीख को भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत रही**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा/जबलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को चुनाव प्रचार के लिए मध्यप्रदेश के दौरे पर हैं। उन्होंने जबलपुर में कहा कि बनिया हूं, हिसाब-किताब लेकर आया हूं। कमलनाथ ने एमपी को कांग्रेस का एटीएम बना कर रखा था। उन्होंने कहा, ह्यजबलपुर 1857 की क्रांति और मुगलों के खिलाफ लड़ाई का बड़ा केंद्र रहा है। यही जबलपुर है, जहां रघुनाथ और शंकर शाह हंसते-हंसते तोप के सामने खड़े हो गए। रानी दुर्गावती ने अंग्रेजों के दांत खटटे कर दिए।ह्यशाह ने जबलपुर से अपना जुड़ाव बताते हुए कहा, ह्यमैंने युवावस्था में जबलपुर में 11 दिन तक पिसनहारी की धर्मशाला में रहकर रघुनाथ और शंकर शाह के इतिहास पर शोध किया था।

जबलपुर में सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने बीमारू मध्यप्रदेश को विकसित बनाने का काम किया है। परिवारवादी कांग्रेस मध्यप्रदेश का भला नहीं करेगी। ये चुनाव दो खेमों के बीच है। एक खेमा कांग्रेस का है, जिसमें कमलनाथ और बंटाढार अपने-अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। बेटे-बेटी को कुर्सी दिलाने वाली कांग्रेस मध्यप्रदेश का क्या भला करेगी। हर जगह भाजपा की लहर देखी, फिर सरकार बनेगीः मैं चंबल-ग्वालियर गया, सागर गया, भोपाल गया। जबलपुर दूसरी बार आया। मैंने हर जगह भारतीय जनता पार्टी की लहर देखी है। ये तय है कि 3 दिसंबर को प्रचंड बहुमत के साथ यहां फिर से भाजपा सरकार बन रही है।

# रतलाम-नरसिंहपुर में जेपी नड्डा की सभा

**कमलनाथ को बताया कालसर्प**

### गाडरवाड़ा में कहा- कांग्रेस के लोग रंग बदलते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलोट/नरसिंहपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर है। इस दौरान उन्होंने रतलाम, नरसिंहपुर और रायसेन में सभा को संबोधित किया। सबसे पहले जेपी नड्डा ने रतलाम जिले के आलोट विधानसभा में सभा को संबोधित किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग अब भगवान राम का नाम भी लेने लगे है।**

कोई कहता है कि मैं जनेऊ पहनता हूं। इन लोगों को मालूम नहीं कि जनेऊ किस साइड से पहनते थे। ये लोग राम को काल्पनिक मानते थे। कहते थे राम का कोई ऐतिहासिक सबूत नहीं है। इन लोगों को आज तक ये भी नहीं पता चला कि भगवान राम कितने वर्ष के लिए वनवास गए थे। नए-नए राम भक्तों को अभी समय लगेगा।

### काल सर्प की तरह कमलनाथ

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी पीएम गरीब कल्याण योजना के कारण आज कई लोग गरीबी रेखा के ऊपर उठ गए। हम लोगों को 4 करोड़ आवास पीएम आवास योजना के तहत बनवाना है। इसमें से 47 लाख घर एमपी में बनाने की तैयारी में है। लेकिन यहां कमलनाथ बैठ गए थे, जैसे बोलते है ना कालसर्प की तरह। हमारी योजना और पैसों को रोक दिया था।

### जहां कांग्रेस की सरकार आती है वहां वंशवाद आता है

नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा की चीचली में मंगलवार की शाम भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस की सरकार आती है वहां वंशवाद आता है। जहां कांग्रेस आती है वहां भ्रष्टाचार, अनाचार, महिला उत्पीडन, व्यभिचार, परिवारवाद आता है। जहां कांग्रेस आती है वहां आपके हक का डाका डाला जाता है। इसीलिए जब कांग्रेस की बात होती है तो मैं कहता हूं कि यह कांग्रेस के लोग जगह-जगह रंग बदलते हैं।

### तीनों लोक में किया भ्रष्टाचार

नड्डा ने कहा कि इन लोगों ने 2जी, कोयला, पंडुब्बी, चावल जैसे घोटाले किए। इन्होंने तीनों लोक में भ्रष्टाचार किया है। पाताल, आसमान और जमीन पर घोटाला किया। इन लोगों का एक नया पता भी है। ये लोग और इनके काम लापता हो जाते है। इनके राज में सड़क, आवास योजना और घर-घर पानी की योजनाएं लापता हो गई।

**दहलीज पर सर्दी**

# रात का पारा 12.8 डिग्री पर आया, दिन का टेम्प्रेचर भी लुढ़का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। सर्दी अब दहलीज पर आ चुकी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तरी हवा का आने का सिलसिला शुरू हो चुका है, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ गुजर चुका है। इससे अगले 24 घंटे के दौरान सर्दी दस्तक दे सकती है। यानी रात का तापमान 12.8 डिग्री से घटकर 12 डिग्री या इससे नीचे आ सकता है। दरअसल, न्यूनतम तापमान जब 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच जाता है, तभी सर्दी की दस्तक मानी जाती है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 11 डिग्री दर्ज किया गया है( अधिकतम 29 डिग्री )।**

उत्तर भारत में अर्ली स्नोफॉल (बर्फबारी) होने से भोपाल में भी ठंडक घुल गई है। दिन और रात दोनों ही टेम्प्रेचर में गिरावट हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले एक सप्ताह मौसम ऐसा ही रहेगा। रात का पारा 12 डिग्री तक आ सकता है, जबकि दिन में टेम्प्रेचर 30-31 डिग्री के बीच बना रहेगा। इस दौरान बादल भी छा सकते हैं। हालांकि, बारिश होने का अनुमान नहीं है। सोमवार को पहली बार दिन का टेम्प्रेचर 30 डिग्री के नीचे रहा। भोपाल में बीती रात तापमान 12.8 डिग्री दर्ज किया गया है। दिवाली के एक दिन पहले से ही सुबह के समय धुंध छाई हुई है।

### कश्मीर और हिमाचल बर्फबारी

मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया, उत्तरी भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस आगे बढ़ गया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हल्की बर्फबारी हो रही है। इसका असर राजधानी के मौसम पर भी है। यहां दिन और रात दोनों ही तापमान में गिरावट हुई है। अगले चार से पांच दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। 20 नवंबर के बाद पारे में और गिरावट होने लगेगी।

### नवंबर के दिन-रात दोनों में ठंडक

नवंबर के 13 दिनों में पहली बार सोमवार को दिन और रात दोनों में ठंडक रही। सोमवार को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री दर्ज किया गया। एक दिन में 0.6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। वहीं, रविवार-सोमवार की रात में पारा 14.6 डिग्री दर्ज किया गया।

### इस महीने के शुरूआती 12 दिन गर्म रहे

इससे पहले राजधानी में नवंबर के शुरूआती 12 दिन में मौसम का मिजाज गर्म रहा। पांच दिन पारा 33 डिग्री और 3 दिन 34 डिग्री या इससे अधिक रहा। वहीं, रात में पारा 18 डिग्री तक पहुंच गया। 10 नवंबर की रात में इतना पारा रहा था। हालांकि, दो ही दिन में दिन-रात के तापमान में गिरावट देखने को मिली।

### नवंबर में ऐसा रह चुका भोपाल का मौसम

4 नवंबर 1977 को दिन का टेम्प्रेचर 35.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। यह नवंबर में इतने तापमान का ऑल टाइम रिकॉर्ड है। 30 नवंबर 1941 को रात का तापमान 6.1 डिग्री पहुंचा था।

नवंबर में बारिश का ट्रेंड भी है। वर्ष 1936 में पूरे महीने 134.1 मिमी यानी 5.2 इंच बारिश हुई थी।

24 घंटे में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड 10 नवंबर 1969 में 76.4 मिमी यानी 3 इंच का है।

### प्रदेश में ऐसा रहा मौसम

सोमवार को इंदौर, ग्वालियर, पचमढ़ी, रायसेन, राजगढ़ समेत प्रदेश के 14 शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री के नीचे रहा। नवंबर में ऐसा पहली बार हुआ।

पचमढ़ी से ठंडे बैतूल, रायसेन, ग्वालियर, नौगांव, मलांजखंड रहे। पचमढ़ी में 29 डिग्री तापमान रहा, जबकि बाकी शहरों में पारा इससे कम रहा।

भोपाल, बैतूल, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, रायसेन, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सतना, सिवनी, सीधी, उमरिया और मलांजखंड में रात के टेम्प्रेचर में गिरावट हुई है।

## कार-बाइक की टक्कर में बच्ची की मौत, 6 घायल

**मंदसौर।** सीतामऊ थाना क्षेत्र के सुरजनी बेलरा के बीच कार-बाइक टक्कर में एक बच्ची की मौत हो गई। जबकि 6 लोग घायल हो गए। जिन्हें जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम सीतामऊ के सुरजनी बेलरा गांव के बीच कार बाइक से जा टकराई इस हादसे में राजस्थान गंगधार के चौमहला निवासी बाइक सवार दम्पति राजाराम पिता बालूजी मेघवाल (45), इनकी पत्नी ललिता (35), बेटी जिया (10), बेटा ईशान मेघवाल (8) गंभीर घायल हो गई। जबकि इनकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार सवार रामलाल गोविंदराम सेठिया (60) निवासी शामगढ़ और इनका बेटा दीपक गुप्ता (18) गंभीर घायल हो गया। जिन्हें मंदसौर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। यहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि कार सवार पिता पुत्र का उपचार स्थानीय निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

## New Delhi

# गैस चैंबर में तब्दील हुई राजधानी, दिल्ली की हवा में फिर घुला जहर, कई इलाकों में 400 के पार पहुंचा AQI

**नई दिल्ली, (एजेंसी) देश की राजधानी दिल्ली में दिवाली के बाद से लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। दिवाली के एक दिन पहले दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) घटकर 300 के नीचे पहुंच गया था, जो एक बार फिर से बढ़कर मंगलवार को 400 के पार पर पहुंच गया।**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली भर में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में एक्यूआई 430, आरके पुरम में 417, पंजाबी बाग में 423 और जहांगीरपुरी में 428 रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर-पश्चिमी दिशाओं से चल रही ठंडी हवा के कारण प्रदूषित कण वातावरण में फैल नहीं पा रहे, जिस कारण प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़



रहा है। ठंडी हवाओं के कारण रात का तापमान घटेगा, जिससे आने वाले दिनों में भी स्तर बढ़ने का अनुमान है। भारतीय उष्ण कटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में सुबह के समय प्रमुख सतही हवाएं शांत रहीं जिस कारण प्रदूषण के कण फैल नहीं पाए। वहीं उत्तर-पश्चिम दिशाओं से चली ठंडी मध्यम स्तर की हवा ने स्थिति को और खराब बनाया। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल भी छाए रहे। बुधवार को भी स्थिति में सुधार की उम्मीद नहीं है।

दिल्ली में प्रमुख सतही हवा उत्तर-पश्चिम/उत्तर-पूर्व दिशाओं से आने की संभावना है। हवाओं की गति चार किमी प्रति घंटे रह सकती है। सुबह के समय आसमान साफ रहेगा और हल्का कोहरा छा सकता है जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ेगा। जबकि बृहस्पतिवार को सुबह के समय आसमान साफ रहेगा। हल्के कोहरे के साथ दिल्ली में मुख्य सतही हवा आठ किमी प्रति घंटे की गति से पूर्वी दिशाओं से चल सकती है।

## Punjab

# चमचमाती कार से आईं दो लड़कियां, घर से गमला चोरी कर फरार; कैमरे में कैद गंदी हरकत

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** सोशल मीडिया पर चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है। घटना पंजाब की बताई जा रही है। यहां एक घर के बाहर गमला चोरी की घटना कैमरे पर कैद हुई है। यह चोरी इसलिए हैरान कर देने वाली है क्योंकि चोरी हाई प्रोफाइल लोगों ने की। दो लड़कियां लाखों की कार से घर के पास पहुंची और घर के बाहर से गमला चोरी कर मौके से फरार हो गई।

जानकारी के अनुसार, पंजाब में एक घर के बाहर से गमले की चोरी का एक वीडियो वायरल हो गया है। इस चोरी को दो महिलाओं ने अंजाम दिया है, जो चमचमाती सेडान कार में सवार होकर आई थीं। घटना मोहाली के सेक्टर 78 की बताई जा रही है। यहां एक घर के बाहर रुकीं महिलाओं ने घर के गेट पर से गमला चोरी कर लिया। इस चोरी को अंजाम देने के बाद वे मौके से फरार हो गईं। इसी तरह की एक घटना इस साल की शुरुआत में भी सामने आई थी। जब दो लोगों को कथित तौर पर दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर एंबिएंस मॉल के सामने रखे फूलों के गमले चुराते और एक एसयूवी में डालते देखा गया था।

## Rajasthan

# राजस्थान में वोटिंग से 10 दिन पहले कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह का निधन, दिल्ली के एम्स में ली अंतिम सांस

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान में वोटिंग से ठीक 10 दिन पहले कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह कूनर का निधन हो गया है. वे 75 साल के थे. कून करणपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे थे. कैंपेनिंग के बीच अचानक तबीयत खराब होने पर कूनर को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उन्होंने 4 नंवबर को अपना नामांकन भरा था. अब इस सीट पर उपचुनाव होगा. बताते चलें कि गुरमीत सिंह वर्तमान में करणपुर से कांग्रेस विधायक भी थे. उन्होंने 2018 में निर्दलीय चुनाव जीता था और मंत्री बने थे. उन्होंने बीजेपी के सुरेंद्रपाल सिंह और पृथीवाल सिंह संधू हराया था. इस बार भी तीनों उम्मीदवार मैदान में हैं. लेकिन चुनाव से पहले ही कूनर के निधन की खबर आई.

## Uttarakhand

# हरिद्वार में डॉक्टर, युवक और दो महिलाओं ने बुखार से तोड़ा दम, थम नहीं रहा यहां मौत का सिलसिला

**पथरी (रुड़की), (एजेंसी) बहादरपुर जट, नसीरपुर कलां गांव में बुखार की दहशत है। यहां बुखार से फिर दो महिलाओं, एक युवक और अलीपुर में चिकित्सक की मौत हो गई है। लगातार हो रही मौत से गांवों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों में दहशत से दोनों गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।**

बहादरपुर जट के पूर्व प्रधान विकास कुमार ने बताया कि मंगलवार को बुखार से दीपक पाल (24) पुत्र धीर सिंह और बाला देवी (65) पत्नी योगेन्द्र सिंह चौहान निवासी बहादरपुर जट की मौत हो गई है। नसीरपुर कलां की ग्राम प्रधान गुलनाज अंसारी ने बताया कि बुखार से सूफी (60) पत्नी शफी निवासी नसीरपुर कलां की मौत हो गई है।

पिछले कई दिन से ये सभी लोग बुखार से पीड़ित थे और इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा था। बता दें कि पथरी क्षेत्र के गांवों में बुखार से लोगों की मौतों का सिलसिला जारी है। दो माह के भीतर गांव बादशाहपुर, पदार्था, नसीरपुर कलां, एकड़ कलां, बहादरपुर जट आदि गांवों में बुखार से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग अब भी बुखार से पीड़ित हैं।

## खेल

# आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप 2023 का पहला सेमीफाइनल

**मुंबई, (एजेंसी)** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का पहला सेमीफाइनल मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच है। वनडे विश्व कप के इतिहास में ये दोनों टीमें लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में भिड़ रही हैं। 2019 वनडे विश्व कप का पहला सेमीफाइनल भी इन्हीं दोनों टीमों के बीच हुआ था और न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस बार भारत की कोशिश चार साल पुरानी हार का बदला लेकर जीत हासिल करने और घरेलू जमीन पर फाइनल खेलने की होगी।

इस विश्व कप में भारतीय टीम शानदार लय में रही है। भारत ने लीग स्टेज में अपने सभी नौ मुकाबले जीते और अजेय रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम सिर्फ दो मुकाबलों में बदलाव के साथ उतरी है। पहले मैच में खेलने वाले अश्विन की जगह दूसरे मैच में शार्दुल को मौका मिला



और चौथे मैच में हार्दिक के चोटिल होने के बाद शार्दुल की जगह मोहम्मद शमी और चोटिल हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव को टीम में शामिल किया गया।

इसके बाद भारत लगातार पांच मुकाबलों में इसी टीम के साथ उतरा है और सभी मैच आसानी से अपने नाम किए। ऐसे में सेमीफाइनल मैच में भी टीम इंडिया को बदलाव की कोई संभावना नहीं है। रोहित और गिल की ओपनिंग जोड़ी कमाल कर रही है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले विराट इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। चौथे नंबर पर खेलते हुए श्रेयस अय्यर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। पांचवें नंबर पर राहुल संकटमोचक की भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। छठे नंबर पर सूर्यकुमार ने भी मौका मिलने पर अपना काम बखूबी किया है। वहीं, रवींद्र जडेजा भी सातवें नंबर पर शानदार अंदाज में मैच खत्म कर रहे हैं।

रवींद्र जडेजा गेंद के साथ भी कमाल कर रहे हैं और कुलदीप के साथ मिलकर बीच के ओवरों में लगातार विकेट निकाले हैं। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी की तिकड़ी इतिहास रच रही है। ऐसे में भारत की टीम में कोई बदलाव होना बेहद मुश्किल है।

न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी में बदलाव की संभावना कम है। रचिन और कॉन्वे का ओपनिंग करना तय है और तीसरे नंबर पर कप्तान विलियम्सन खेलेंगे। चौथे नंबर पर डेरिल मिचेल और पांचवें नंबर पर लाथम की जगह भी पक्की है। गेंदबाजी में ट्रेंट बोल्ट, लोकी फर्ग्यूसन और साउदी का खेलना तय है। सैंटनर एक छोर से स्पिन की बागडोर संभालेंगे। ऐसे में मार्क चैपमैन की जगह जेम्स नीशम या ईश सोढ़ी को मौका दिया जा सकता है। नीशम बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, वह विस्फोटक बल्लेबाज होने के साथ ही उपयोगी तेज गेंदबाज भी हैं। वहीं, सोढ़ी अच्छे स्पिनर हैं और भारत के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी अच्छा है। अगर कीवी टीम पहले गेंदबाजी करती है।

## सिनेमा

# Bigg Boss 17 : अनुराग डोभाल ने सलमान खान को लेकर की शिकायत, बिग बॉस ने कहा छोड़ दो शो!



बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट अनुराग डोभाल को शो में बहुत ट्रोल किया जा रहा है। कई बार सलमान खान भी उनकी क्लास लगा चुके हैं। वहीं रूममेट्स अरुण और तहलका भाई के साथ भी उनकी बहस होती रहती है। अब हाल ही में अनुराग शो में काफी इमोशनल हो गए और उन्होंने सलमान को लेकर भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। इस पर बिग बॉस ने उनसे क्या कहा हम आपको बताते हैं। दरअसल, अनुराग सबसे कहते हैं कि वह घर जाना चाहते हैं और सब उन्हें समझाते हैं, लेकिन वह मानते नहीं हैं। विकी फिर उन्हें साइकेट्रिस्ट से बात करने की सलाह देते हैं। अनुराग फिर बोलते हैं कि मेकर्स उनकी ब्रो सेना का शो में मजाक बनाते हैं और वो ये सब बर्दाश्त नहीं कर सकते। नील उन्हें समझाते हैं कि ऐसा कुछ मत बोल जो हद से आगे चले जाए। चुप होजा। लेकिन अनुराग नहीं समझते। बिग बॉस फिर अनुराग को कन्फेशन रूम में बुलाते हैं। इसके बाद अनुराग कहते हैं कि वह घर में काफी डिस्टर्ब हैं। बिग बॉस फिर उनसे पूछते हैं कि क्या उन्हें सच में साइकेट्रिस्ट की जरूरत है या फिर आप इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि विकी ने उन्हें कॉन्ट्रेक्ट की याद दिलाई है। बिग बॉस फिर अनुराग से पूछते हैं कि क्या उन्हें सलमान खान से बात करनी है?

## संपादकीय

# सहनशीलता का फायदा

अगर बिना किसी वजह के पाकिस्तान की ओर से लगातार हरकतों के बाद भारत उसे उकसावे की कार्रवाई बताए और इस पर उचित प्रतिक्रिया दे, तब इसे कैसे देखा जाएगा! मगर भारत अपनी ओर से अधिकतम स्तर तक धीरज कायम रखता है और पाकिस्तान के चरित्र और उसकी हरकतों के बारे में संयुक्त राष्ट्र को बताता है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि कई आतंकी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। भारत आमतौर पर हमले जैसी समस्या से अपने स्तर पर निपटता है और आतंकवाद का सामना करता है। लेकिन भारत की इसी सहनशीलता का फायदा पाकिस्तान उठाने की कोशिश करता है। अब उसका दुस्साहस इस कदर बढ़ चुका है कि बिना किसी उकसावे के वह भारतीय सीमा में नाहक ही गोलीबारी करना शुरु कर देता है। यानी एक तरह से युद्ध जैसे हालात पैदा करने की कोशिश करता है। बुधवार को देर रात जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी रेंजरों ने बेवजह ही गोलीबारी शुरु कर दी।इसका सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मगर पाकिस्तानी गोलीबारी की जद में आने की वजह से एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई।यह कोई पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने इस तरह की बेलगाम और अराजक हरकत की हो। फिलहाल द्विपक्षीय सहमति के बावजूद पिछले चौबीस दिनों में यह तीसरी बार है जब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से नियमों को ताक पर रख कर युद्ध विराम का उल्लंघन किया गया। गौरतलब है कि 25 फरवरी 2021 को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था। तब से बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की सीमा के भीतर से भारत की ओर नाहक गोलीबारी की यह छठी घटना है। हाल ही में जम्मू के अरनिया और सुचेतगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान ने करीब सात घंटे तक लगातार गोलीबारी की थी। तब भी बीएसएफ के जवानों ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया था। मगर बार-बार मुंह की खाने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आए दिन बुरी तरह फजीहत होने के बावजूद पाकिस्तान अपनी आदत से बाज आने को तैयार नहीं है। दुनिया के ताकतवर देशों के सामने और संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर वह भारत पर अंगुली उठाता रहता है, मगर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और सीमा पर स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों का खयाल रखना उसे कभी जरूरी नहीं लगता।

**अर्ज किया है..!**

*सब कुछ बदल जाता है*
*उम्र के साथ,*
*पहले जिद करते थे अब*
*सब्र करते हैं....*





**जिसे कुछ भी नहीं चाहिए उसे मिलने में कुछ बाकी नहीं रहता यह नियम है...**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# अंतरिक्ष में छूट गई 83 लाख की चीज, हवा में तैर रही, NASA ने बताया क्या हुआ था?



**किसी कंस्ट्रक्शन वर्कर का साइट पर अपना टूल बैग छोड़ देना आम बात है. भूल से कई बार ऐसा हो जाता है लेकिन कोई टूलबैग अगर अंतरिक्ष में खो जाए तो? दरअसल ऐसा सचमुच में हुआ है. साथ ही अंतरिक्ष में खोया टूलबैग साधारण नहीं था बल्कि इसमें कुल $100,000 ( लगभग 83 लाख) के टूल्स थे. स्पेस एजेंसी नासा ने 1 नवंबर को इस बात की घोषणा की है.**

### ◆ कैसे अंतरिक्ष में छूट गया टूलबैग

सफेद बैग में रखा बाइनाकुलर का एक अच्छा पेयर धरती से लगभग 200 मील ऊपर हवा में मंडरा रहा है. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मेंटेनेंस स्पेसवॉक के दौरान अंतरिक्ष यात्री जैस्मीन मोघबेली और लोरल ओ'हारा से यह बैग छूट गया था. खगोल विज्ञान वेबसाइट अर्थस्काई ने कहा कि टूल बैग, जो अंतरिक्ष स्टेशन के ठीक आगे आकाश में परिक्रमा कर रहा है, अब बमुश्किल ही हलका चमकता दिखाई पड़ रहा है.

### ◆ 'टूल बैग किसी के सिर पर गिरा तो?'

अब अगर आप ये सोच रहे हैं कि ये टूल्स पृथ्वी पर किसी के ऊपर गिर सकते हैं तो बता दें कि विशेषज्ञों का मानना है कि इसकी कोई भी संभावना नहीं है. उन्होंने कहा टूल बैग के कुछ और महीनों तक औरबिट में रहने की उम्मीद है, जहां इसके उतरने और पृथ्वी के वायुमंडल में तुरंत विघटित होने की उम्मीद है. अर्थस्काई के अनुसार, टूल बैग इस साल मार्च के आसपास गायब हो गया था.

### ◆ आखिरी बार कहा दिखा टूल बैग

इस बीच, टूल बैग को आधिकारिक तौर पर स्पेस जंक आईडी 58229 / 1998-067WC के रूप में सूचीबद्ध किया गया है. इसे आखिरी बार रविवार को जापानी अंतरिक्ष यात्री सातोशी फुरुकावा ने माउंट फ़ूजी के ऊपर तैरते हुए देखा था.

## Highlights

- **Freedom fighter and veteran CPI(M) leader N Sankaraiah passes away aged 102**
- **Mumbai Police on alert as man issues threat, posts pic of gun ahead of India-NZ semi-final**
- **Northeast monsoon breaks records in Tamil Nadu**
- **Gathering evidence to build solid case: Police on snake venom case**
- **Ruckus at station in Punjab after Chhath special train cancelled, video surfaces**
- **Protest at Uttarakhand tunnel collapse site over delay in rescuing workers**

# Nothing's iMessage hack for Android is great, if you ignore the many red flags

**NEW DEIHI, (Agency).** Perhaps not as much in our part of the world, but in regions such as the US, there is a not-so-subtle distinction that separates Apple iPhone users, from the ones who aren't. Blue chat bubbles, compared with Android's green ones. It is one of the ways, albeit fallaciously, this generation distinguishes the haves from the have nots. Google keeps trying to cajole Apple into supporting RCS, or rich communication services within iMessage, which would then work well with their own Messages app.

Apple hasn't played ball. Their line of thinking is simple – taking away a unique feature of the iPhone, will weaken its appeal. That may well be true for markets such as US, and perhaps even Europe. Data suggests so. Apple has 55% market share in the US, as of Q2 2023, according to data by Counterpoint research.




Android phone makers, led by Samsung, make up the rest. That hasn't stopped third party apps from trying, and claiming they let users send iMessages from Android phones (and PCs too) seamlessly. Beeper's app is an example. So is Sunbird's yet to be launched messaging platform, that asks you to join at waitlist for now. Smartphone maker Nothing's attempt to widen utility of messaging on Android phones leads us to Nothing Chats, which will be made available in the US, Canada, EU and UK from Friday. India figures somewhere on that list, for a later release. Interestingly, Nothing is making this exclusive (at least for now) to its latest smartphone, the Nothing Phone (2). Quite when, if at all, Nothing Phone (1) users get this app too remains anyone's guess.

"Sorry Tim", reads the thumbnail for Nothing's YouTube video featuring co-founder and CEO Carl Pei, introducing Nothing Chats. "At Nothing, we believe in windows, not walls. If messaging services are dividing phone users, then we want to break those barriers down," they say.

# OYO to prepay over ₹1,600 crore debt via buyback

**NEW DEIHI, (Agency).** Global travel-tech player OYO is set to prepay a significant chunk of its debt amounting to ₹1,620 crore through a buyback process.

The buyback initiative involves the repurchase of 30 per cent of OYO's outstanding Term Loan B (TLB), as per an announcement by the IPO-bound company on the Bloomberg terminal.

The repayment of this debt is scheduled for June 2026. The offer is being fully funded with cash on balance sheet and from cash collateral account.

The move comes on the back of Ritesh Agarwal-led startup reporting its first-ever profit in the second quarter of 2023-24, with a Profit After Tax (PAT) of ₹16 crore.

A successful buyback of the full quantum on offer will mean a substantial reduction in OYO's interest outgo by ₹225 crore per annum.

The buyback is being done at par value through a public bidding process, which is open from November 14-18. If the bid exceeds the stipulated amount, then OYO will buy the loan back on a pro-rata basis.

# पुलिसकर्मी के बेटे ने की खुदकुशी

## भाई दूज मनाकर उज्जैन से लौटा था परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक पुलिसकर्मी के बेटे ने मंगलवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कनाडिया पुलिस के मुताबिक अभी प्रारंभिक जांच में किसी तरह की परेशानी की बात सामने नहीं आई है। आज शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिसकर्मी कनाडिया थाना क्षेत्र के बिचौली हप्सी स्थित पुलिस लाइन में रहते हैं।**

पुलिस के मुताबिक अमित (27) पिता मांगीलाल धुर्वे ने मंगलवार रात अपने घर के हॉल में फांसी लगाकर जान दे दी। बड़ा भाई अजीत जब देर रात करीब साढ़े 12 बजे के लगभग उज्जैन से घर पहुंचा तो अमित को आवाज दी। दरवाजा नहीं खोलने पर काफी देर बाद खिड़की से देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था।

बड़े भाई अजीत ने बताया कि दोपहर में वह विजय नगर भाई दूज पर बुआ के यहां गए थे। इसके बाद उनके दो बच्चों को लेकर अमित बाइक से घर आ गया। शाम को 6 बजे वह कार लेकर उज्जैन चले गए। घर पर पत्नी, मां और पिता सभी मौजूद थे। रात में सब अपने कमरों में सोए थे। जबकि अमित हाल में ही सोता था। उसने हॉल में ही फांसी लगाई इसलिए घर के किसी सदस्य को पता नहीं चला।

अमित के पिता मांगीलाल जीआरपी पुलिस में ही एसआई के पद पर हैं। 6 अक्टूबर के दिन ड्यूटी पर ही उन्हें लकवे का अटैक आ गया। इसके बाद कुछ दिन उनका अस्पताल में उपचार चला। अभी वह छुट्टी पर चल रहे हैं। वह ठीक से चलने-फिरने की स्थिती में नहीं हैं।

बताया जाता है कि अमित ने पढ़ाई छोड़ दी थी। पिता ने उसे काम का कहा तो वह फर्नीचर के शोरूम पर काम करने लगा। दीपावली के चलते वह दो दिनों से घर पर ही था। परिवार के मुताबिक उसे किसी तरह का तनाव या दिक्कत भी नहीं थी। कनाडिया पुलिस के मुताबिक परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# पटाखे से घर में आग, रहवासियों की सुझबुझ से टला बड़ा हादसा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जनता क्वार्टर में शकुंतला नागर (मैन) के घर में जलता पटाखा जाने से आग लग गई, इससे घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। रहवासियों ने समझदारी का परिचय देते हुए पानी से आग पर तुरंत काबू पा लिया और जान-माल का बड़ा हादसा होने से टल गया।

# पांचवी मंजिल से गिरी किशोरी, मौत, परिवार वालों को हत्या की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया इलाके में 15 साल की नाबालिग की पांचवी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो परिवार को जानकारी दी। चाचा उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

पुलिस के मुताबिक घटना भूरी टेकरी क्षेत्र के मानवता नगर की है। यहां रहने वाली आरती (15) पिता पप्पू चौहान को उसके चाचा बुधवार सुबह एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। चाचा ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि सुबह लोगों ने उसे जमीन पर पड़े देखा तो उन्हें जानकारी मिली। आरती रात 12 बजे के बाद परिवार से बात करके सोई थी। सुबह करीब साढ़े छह बजे उसे पिता ने उठाया और नीचे चले गए। इसके बाद करीब साढ़े सात बजे अन्य रहवासियों ने उसे बिल्डिंग के नीचे पड़े देखा। हालांकि परिवार के लोगों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है।

पुलिस के मुताबिक अभी घटनास्थल पर जाकर मामले की जांच करवाई जा रही है। वह किसी तरह के हादसे में गिरी या फिर उसने यह कदम जानबूझकर उठाया इसकी जांच करेंगे। आरती हाउस कीपिंग का काम करती थी। उसके पिता प्लम्बर हैं। परिवार में एक बहन और एक भाई भी है।

# आर्मी वार कालेज के सीसीटीवी कैमरे में फिर नजर आया तेंदुआ

## ◆ वन विभाग कर रहा है सर्चिंग

**महू/इंदौर**। महू के आर्मी वार कालेज में एक बार फिर तेंदुए की हलचल नजर आई है। पांच नवंबर को एमसीटीई से बाहर निकलने के बाद से तेंदुए की हलचल नहीं थी, लेकिन सोमवार रात को फिर आर्मी वार कालेज में तेंदुए का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें वह एक श्वान के पीछे भागते हुए नजर आया। फुटेज के बाद से तेंदुआ और कहीं नजर नहीं आया, जिससे वन विभाग को उसकी लोकेशन नहीं मिल पाई है।

महू के आर्मी वार कालेज और एमसीटीई परिसर में 27 अक्टूबर से तेंदुए की हलचल नजर आ रही थी। तेंदुए की हलचल देखते हुए वन विभाग ने रेस्क्यू करने के लिए दोनों सेना परिसर में पिंजरे भी लगाए। इसके बाद भी पांच नवंबर तक लगातार तेंदुए की हलचल जारी थी, फिर अचानक तेंदुआ नजर नहीं आया। सोमवार रात को तेंदुआ फिर से आर्मी वार कालेज परिसर के सीसीटीवी कैमरे में नजर आया। इसमें तेंदुआ श्वान के पीछे भागता नजर आ रहा है।



इस पर वन विभाग फिर से सतर्क हो गया है और तेंदुए को कैद करने की योजना बना रहा है।

**सैन्य परिसर में है घना जंगल, पानी और शिकार-** बता दें कि आर्मी वार कालेज और एमसीटीई सैन्य परिसर में घना जंगल है। साथ ही पानी के लिए तालाब हैं। शिकार करने के लिए जंगली सूअर और नीलगाय भी हैं। यह वातावरण तेंदुए के अनुरूप है। इसके अलावा दोनों सैन्य परिसर की बाउंड्री में कई तरह के लूप होल बने हुए हैं। कई जगह बाउंड्री टूटी हुई है। इस कारण तेंदुआ बार-बार सैन्य परिसर में आ-जा रहा है, जहां से उसे रेस्क्यू करने में भी परेशानी हो रही है।

# कार से घरों में फेंके सुतली बम

**इंदौर**। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के थाना सेक्टर एक की छत्र छाया कालोनी में बीती रात कार से घरों में पटाखे फेंकने की घटना सामने आई है। उप निरीक्षक ज्योति पटेल ने बताया कि छत्र छाया कालोनी में रहने वाली महिला ने थाने में आकर आवेदन दिया की उनके गली में एक आरेंज कलर की कार में तीन चार लडके तेज गति को से कार चलाते आए और बड़े सुतली बम जला कर घर में फेंकते हुए निकल गए। गली में उन लोगों ने करीब तीन बार ऐसे ही दहशत फैलाई। जब ये कार चालक वापस आए तो इन्हें कालोनी वासियों ने रोकने की कोशिश की तो गालियां देते हुए कार भगा ले गए। पुलिस ने आवेदन पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के वाहन नंबर और अन्य जानकारी जुटा रही है।




# इंदौर और गोवा क्राइम ब्रांच तलाश रहे हत्यारे बेटे को

## पुलिस बोली- वह बहुत शातिर, पूरी प्लानिंग से चकमा दे रहा

**इंदौर**। पिता और बहन की हत्या करने के एक सप्ताह बाद भी पुलिस हत्यारे का पता नहीं लगा पाई है। पिछले बुधवार को वसुंधरा अपार्टमेंट में 76 साल के बुजुर्ग किशोर धामन्दे और उनकी बेटी रीना कालरा निवासी खातीवाला टैंक के शव मिले थे। हत्यारा भी बुजुर्ग धामंदे का बेटा पुलकित उर्फ पुलिन निकला।

हत्यारे को पकडऩे के लिये इंदौर क्राइम ब्रांच और संयोगितागंज पुलिस गोवा क्राइम ब्रांच की मदद ले रही है। गोवा क्राइम ब्रांच को पुलिन का फोटो भेजा है ताकि उसकी पहचान हो सके। इधर डॉक्टर के साथ पुलिस ने उस रिहैब सेंटर से भी जानकारी निकाली है। जहां पुलिन का उपचार हुआ। ताकि उसे कोर्ट में किसी तरह की मदद ना मिल सके।

शातिर और सनकी रवैये के चलते परिवार और आसपास के लोग पुलिन से दूर ही रहते हैं। लेकिन वह अपना सभी काम समय पर करता था। सुबह 5 बजे जॉगिंग करने के बाद उसकी दिनचर्या सामान्य व्यक्ति के जैसी ही रहती थी। पिता का मोबाइल ऑपरेट करने के साथ उनके अकाउंट से रुपए निकालने और पिता के अन्य काम भी वही देखता था। फरारी के दौरान वह अभी तक तीन बार एटीएम का इस्तेमाल कर चुका है। पुलिस के मुताबिक बैंक की छुट्?टी होने के चलते अभी किस एटीएम से पैसे निकाले इसकी जानकारी नहीं मिली है। हालांकि पुलिस अफसरों का दावा है कि उसकी लोकेशन अभी गोवा से बाहर की नहीं है। गोवा पुलिस पहले भी इंदौर के शातिर अपराधी ईश्वर भील को पकड़ चुकी है। उसने सिमरोल के साथ कई इलाको में महिलाओं के साथ रेप ओर हत्या की वारदातें की थी। लेकिन ईश्वर बाद में फिर फरार हो गया। पुलिस ने उस पर 1 लाख का तक का ईनाम रखा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।